अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

विषय - भूगोल

कक्षा- बारहवीं

CGboardonline.com

पूर्णांक - 75

समय - 3.00 घंटे

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 8 से 14तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 15 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 18 व 20 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक में 5 अंक निर्धारित है ।

CGboardonline.com

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) मानव भूगोल से संबंधित प्रथम ग्रन्थ की रचना की ।

(अ) विडाल डी.लॉ. ब्लाश (ब) कुमारी ई.सी. सेम्पुल

(स) फ्रेडरिक रैटजेल (द) डिमांजिया

(2) स्थान बदल-बदल कर की जाने वाली कृषि को कहते हैं ।

(अ) मिश्रित कृषि (ब) व्यापारिक कृषि

(स) स्थानान्तरित कृषि (द) विस्तृत कृषि

(3) 'पूर्व का द्वार' कहलाता है ।

(अ) टोकियो (ब) सिडनी

(स) सिंगापुर (द) कोलकाता

(4) ग्रामीण बस्ती में जीवकोपार्जन का मुख्य साधन है ।

(अ) व्यवसाय (ब) उद्योग

(स) खनन (द) कृषि

(5) शुद्ध सोना होता है ।

(अ) 22 कैरेट (ब) 21 कैरेट

(स) 20 कैरेट (द) 24 कैरेट

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । CGboardonline.com

(1) सन् --1882---- में एन्थ्रोपोज्योग्राफी नामक ग्रंथ प्रकाशित हुआ ।

(2) ओसाका को जापान का ------------ कहते हैं ।

(3) छत्तीसगढ का प्रशासनिक नगर ------------ है ।

(4) भूमि अपरदन को ------------ मृत्यु कहते हैं।

(5) ------------ को मानव निर्मित पत्थर कहते हैं।

(स) उचित संबंध जोड़िए।

CGboardonline.com

(1)	परिवहन नगर	-	40 4
(2)	सबसे अधिक लिंगानुपात	-	कानपुर 1
(3)	सुरक्षा केन्द्र वाला राज्य	-	1.4 प्रतिशत 5
(4)	विश्व का औसत जनसंख्या घनत्व प्रति वर्ग कि.मी. है	-	मेरठ 3
(5)	विश्व जनसंख्या की वृद्धि दर है	-	केरल 2

प्रश्न 2. जीवन प्रत्याशा का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 3. मरुद्यान नगर किसे कहते हैं ?

CGboardonline.com

प्रश्न 4. बस्तियां कितने प्रकार की होती है ?

प्रश्न 5. मानव व्यवसाय को कितन वर्गों में बांटा गया है ? इसके नाम लिखिए।

प्रश्न 6. भारत में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले दो राज्यों के नाम लिखिए।

प्रश्न 7. ग्रामीण बस्ती के गोलाकार प्रतिरुप का चित्र बनाइये।

प्रश्न 8. "मानव भूगोल के अध्ययन का केन्द्र बिन्दु मानव है" स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. "आस्ट्रेलिया भारत से ढाई गुना बड़ा है, परन्तु जनसंख्या भारत से बहुत कम है" कारण बताइये।

प्रश्न 10. कार्यरत एवं अकार्यरत जनसंख्या में तीन अंतर बताइये।

प्रश्न 11. रेल परिवहन का महत्व बताइये। (कोई तीन)

प्रश्न 12. भारत में स्त्रियों की जनसंख्या में कमी के तीन कारणों को लिखिए।

प्रश्न 13. भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के तीन उपाय बताइये।

प्रश्न 14. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग के साइबेरिया की जीवन रेखा कहा जाता है क्यों ?

प्रश्न 15. ऊर्जा के अनव्यकरणीय स्त्रोतों का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

अथवा

CGboardonline.com

तापीय विद्युत जल विद्युत से भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए। (कोई चार कारण)

प्रश्न 16. भारत में संचार एवं संदेश वाहक के साधन कौन-कौन से हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

स्वेज नहर एवं पनामा नहर की तुलना कीजिए।

प्रश्न 17. "भारत प्राकृतिक संसाधों में निर्धन नहीं है, बल्कि प्रौद्योगिकी में निर्धन है' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

अथवा

"संसाधनों को जो तुम बनाते हो, वही बन जाते हैं" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 18. भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए।

कर्करेखा, छोटा नागपुर का पठार, नर्मदा नदी, चिल्का झील, थार का मरुस्थल

अथवा CGboardonline.com

पूर्वी देशांतर रेखा, ताप्ती नदी, चाय उत्पादक प्रमुख क्षेत्र, मुम्बई नगर, दिल्ली से कलकत्ता रेलमार्ग

प्रश्न 19. 'पिग्मी' जाति के जीवन का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर कीजिए।

(1) निवास क्षेत्र (2) शारीरिक गठन (3) वस्त्र

(4) आवास (5) भोजन एवं व्यवसाय

अथवा

'मसाई' जाति के जीवन का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर वर्णन कीजिए।

(1) निवास क्षेत्र (2) शारीरिक गठन (3) वस्त्र

(4) आवास (5) भोजन एवं व्यवसाय CGboardonline.com

प्रश्न 20. ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनों का वर्णन कीजिए।

अथवा

वन संरक्षण क्यों आवश्यक है ? वन संरक्षण किस प्रकार किया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए।

---00--

CGboardonline.com